2 मीठू और कौरा

L.O. 1, 2, 3

चर्चा करें— ❀ तोता क्या खाना पसंद करता है ? ❀ तोते को सब किस नाम से बुलाते हैं ?
❀ कौए और तोते की पहचान आप कैसे करेंगे ?

पक्षी भी आपस में मिलजुलकर रहते हैं और अच्छे दोस्त बन जाते हैं। वे भी मुश्किल पड़ने पर सूझ-बूझ से काम करते हैं।

मीठू एक सुंदर तोता था। गाँव में एक बहुत बड़ा पीपल का पेड़ था। उसकी घनी डालियों पर मीठू ने अपना घर बनाया था। एक दिन उड़ते-उड़ते—

मीठू ने आम के पेड़ पर बैठने की बहुत कोशिश की लेकिन... कौए की तीखी आवाज़ सुनकर वह डर गया।

Scanned with CamScanner



मीठू उड़कर दूर चला जाता है। रास्ते में मैदान में एक गुब्बारा देखकर कुछ सोचता है और नीचे आ जाता है।
सोच रहा हूँ। क्यों न यह गुब्बारा उठा लूँ! कौरा इसे देखकर खुश होगा।
मीठू गुब्बारा मुँह में दबाए कौरा के पास दुबारा आता है...
काँव-काँव, यह कौन-सा फल है? तुम मुझे भी खाने के लिए दोगे?
यह गुब्बारा है, एक खिलौना। इससे खेलते हैं। तुम मेरे साथ खेलोगे?
दोनों मिलकर गुब्बारे से खेलते हैं।
गुब्बारा फट जाता है।
फटाक
भागो-भागो! लगता है कोई शिकारी आया है।



Scanned with CamScanne

अभ्यास

शब्द-अर्थ

तीखी	—	तेज़	छेद	—	सूरा
दुबारा	—	दूसरी बार	रसीला	—	रस

श्रुतलेख: कौआ तोता पीपल मैदान गुब्बारा

पाठ-बोध

1. प्रश्नों के उत्तर दो—

मौखिक

क. कौरा मीठू को क्यों भगा रहा था?

ख. मीठू गुब्बारा लेकर क्यों आया होगा?

ग. समझ से काम करने से क्या होता है?

लिखित

• Written

क. मीठू कहाँ रहता था?

ख. पका आम देखकर मीठू ने क्या सोचा?

ग. गुब्बारा देखकर कौए ने क्या समझा?

Scanned with CamScanner

2. सही उत्तर पर ✓ लगाओ—

क. मीठू ने पेड़ पर क्या देखा?

☐ संतरा ☐ नारंगी ☑ पका आम

ख. उड़ते समय मीठू ने मैदान में क्या देखा?

☐ खिलौना ☐ गुब्बारा ☐ आम

3. एक शब्द में उत्तर दो—

• One word answer

क. मीठू कौन था? ......एक तोता......

ख. कौरा कौन था? ......एक कौआ......

ग. कौए की आवाज़ कैसी थी? ......तीखी......

***मूल्यपरक प्रश्न**

• Companionship, team work, friendship

आपकी कक्षा में नया साथी आएगा तो आप क्या करेंगे ☺ या ☹ बनाकर बताओ— *(Life Skills and Values)*

क. उसका नाम पूछेंगे। ◯

ख. विद्यालय घुमाएँगे। ◯

ग. उससे बात नहीं करेंगे। ◯

घ. अन्य मित्रों से परिचय कराएँगे। ◯

ङ. मिलकर खेलेंगे। ◯

च. उसे साथ नहीं खिलाएँगे। ◯

***अध्यापन निर्देश**

अध्यापक/अध्यापिका मूल्यपरक प्रश्न के माध्यम से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों के सामाजिक और भावनात्मक कौशलों को परखने और परिष्कृत करने का प्रयास करें।

Scanned with CamScanner

5. आपके पड़ोसी के घर नारंगी का पेड़ है। उसकी एक डाली आपके घर में भी आ रही है। आप नारंगी लेना चाहते हैं। तो क्या करेंगे—

क. चुपचाप नारंगी तोड़ लेंगे		घ. पड़ोसी से पूछेंगे	
ख. पड़ोसी से माँगेंगे	✓	ङ. झगड़ा करेंगे	
ग. तोड़कर फिर उन्हें बताएँगे		च. तोड़कर उन्हें दे देंगे	

भाषा-ज्ञान

1. एक से अनेक बनाओ—

तोता	—	तोते	आवाज़	—	आवाज़ें
गुब्बारा	—	गुब्बारे	डाल	—	डालें
कौआ	—	कौए	चीज़	—	चीज़ें

2. उलटे अर्थ वाले शब्द लिखो—

बड़ा	×	छोटा	नीचे	×	ऊपर
पका	×	कच्चा	एक	×	अनेक
यहाँ	×	वहाँ	उतरना	×	चढ़ना

3. पाठ से ऐसे शब्द चुनकर लिखो जिनके पहले अक्षर में ये मात्राएँ लगी हों—

ौ	—	कौआ	ै	—	मैदान
ु	—	गुब्बारा	ी	—	पीपल
े	—	पेड़	ि	—	मित्र

4. पाठ
फल
विष
बात
हमें

Scanned with CamScanne

4. पाठ में आए नाम शब्द लिखो—

फल का नाम	खेलने की चीज़ का नाम	पक्षी का नाम
आम	गुब्बारा	तोता

विषय संवर्धन गतिविधियाँ Subject Enrichment Activities

- पाँच रसीले फलों के नाम लिखो और चित्र बनाओ।
- पक्षियों की अनोखी दुनिया के बारे में जानो। *(ICT)*

pakshiyon-ki-duniya.blogspot.com

- तोते का चित्र पूरा करके, रंग भरो—



(ASL)

बात करो— L.O. 10

- आप अपने दोस्त के साथ क्या खेलना पसंद करते हैं ?
- आप मीठू की जगह होते तो क्या करते ? *(Problem Solving)*

मैंने सीखा और जाना...

हमें हमेशा दूसरों के लिए मित्रता का भाव रखना चाहिए तथा मुश्किल पड़ने पर...

Scanned with CamScanner